**भारत सरकार**
**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 1623**
**दिनांक 05 दिसंबर, 2024**

**पीएम जी-वन के तहत जैव ईंधन परियोजनाएं**

**†1623. श्री बी. के. पार्थसारथी:**
**श्री बस्तीपति नागराजू:**

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) प्रधानमंत्री जी-वन योजना के अंतर्गत जैव ईंधन परियोजनाओं की स्थापना के लिए विशेषकर आन्ध्र प्रदेश से भेजे गए और अनुमोदित प्रस्तावों की संख्या का ब्यौरा क्या है;

(ख) पीएम जी-वन के अंतर्गत सहायता प्राप्त अनुमोदित जैव ईंधन परियोजनाओं के लिए आज की तिथि तक आवंटित और संवितरित वित्तीय सहायता का ब्यौरा क्या है;

(ग) चुनिंदा जैव ईंधन परियोजनाओं की वास्तविक प्रगति और उनके पूरा होने की प्रस्तावित समय-सीमा का ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या जैव ईंधन परियोजनाओं को पूरा करने में कोई विलंब हुआ है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और ऐसे विलंब को दूर करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**
**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री सुरेश गोपी)**

(क): सरकार ने, 2024 में संशोधित, "प्रधान मंत्री जी-वन (जैव ईंधन वातावरण अनुकुल फसल अवशेष निवारण) योजना" 2019, को अधिसूचित किया था, जिसका उद्देश्य लिग्नोसेल्युलोसिक जैवमास और अन्य नवीकरणीय फीडस्टोक का उपयोग करके देश में एकीकृत जैव ईंधन परियोजनाओँ के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना हैं। इस योजना के तहत कुल 14 वाणिज्यिक पैमाने के प्रस्ताव और 8 प्रदर्शन पैमाने के प्रस्ताव मंजूरी के लिए प्रस्तुत किए गए थे, जिसमें से 8 वाणिज्यिक पैमाने के प्रस्तावों को आंध्रप्रदेश से 1 को शामिल करते हुए और 4 प्रदर्शन पैमाने के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई हैं।

(ख)और (ग): पीएम जी-वन योजना के अंतर्गत 2018-19 से 2028-29 तक की अवधि के लिए कुल वित्तीय परिव्यय 1969.50 करोड़ रूपये हैं, जिसमे से नीचे दिए गए विवरण के अनुसार सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की कंपनियों को 908 करोड़ रूपये से अधिक की वित्तीय सहायता स्वीकृत की गई हैं:

| क्र. सं. | प्रोजेक्ट्स डेवलपर | परियोजना प्रकार | स्वीकृत वित्तीय सहायता (करोड़ रुपए में ) | वित्तीय सहायता वितरित (करोड़ रुपए में ) | पूरा होने की समय सीमा |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, हरियाणा | वाणिज्यिक | 150 | 75 | कमीशंड |
| 2 | भारत ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, ओडिशा | वाणिज्यिक | 150 | 75 | यांत्रिक रूप से पूर्ण |
| 3 | हिंदुस्तान ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, पंजाब | वाणिज्यिक | 150 | 37.5 | यांत्रिक रूप से पूर्ण दिसंबर, 2024 |
| 4 | नुमालीगढ़ रिफाइनरीज लिमिटेड, असम | वाणिज्यिक | 150 | 75 | यांत्रिक रूप से पूर्ण |
| 5 | मैंगलोर रिफाइनरी पेट्रोकेमिकल लिमिटेड, कर्नाटक | वाणिज्यिक | 100 | - | अभी शुरू होना बाकी है |
| 6 | राइस सेल्यूलोज प्राइवेट लिमिटेड, आंध्र प्रदेश | वाणिज्यिक | 150 | - | अभी शुरू होना बाकी है |
| 7 | इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, हरियाणा | प्रदर्शन | 15 | - | यांत्रिक रूप से पूर्ण |
| 8 | हिंदुस्तान ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, बिहार | प्रदर्शन | 15 | - | निर्माण-पूर्व गतिविधि के अंतर्गत |
| 9 | लिग्नोपुरा एग्रोटेक प्राइवेट लिमिटेड, महाराष्ट्र | प्रदर्शन | 13.25 | - | निर्माण-पूर्व गतिविधि के अंतर्गत |
| 10 | गोदावरी बायोरिफाइनरीज लिमिटेड, कर्नाटक | प्रदर्शन | 15 | - | निर्माण-पूर्व गतिविधि के अंतर्गत |

(घ): कोविड-19 महामारी के कारण संयंत्र निर्माण प्रभावित होने, नई प्रौद्योगिकी उपकरणों क़े लिए सीमित वेंडर होने, इवेपोरेटर जैसी विशेष वस्तुओं के लिए विस्तारित लीड टाइम आदि के कारण परियोजनाओं के पूरा होने में देरी हुई हैं। सरकार द्वारा नियमित रूप से परियोजना कार्यान्वयन की निगरानी की जाती हैं और मुद्दों का निरंतर आधार पर समाधान किया जाता हैं।

****